दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक– /2024–25 **दिनांक :21.12.2024**

प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर 21 दिसम्बर, 2024। दिग्विजय नाथ पी. जी.कॉलेज के गणित विभाग मे राष्ट्रीय गणित दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर रामानुजन मैथमेटिकल चैलेंज तथा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ।

रामानुजन ने हाइपरजोंमीट्रिक सीरीज, कंटिन्यूड फ्राक्शन, नंबर थ्योरी सहित कुल लगभग 3900 प्रमेयों का संकलन किया। गणित में विशेष रूचि होने के कारण रामानुजन 11वीं की परीक्षा में सिर्फ गणित विषय में पास हुए। रामानुजन की जीवन यात्रा बहुत ही संघर्ष से भरा था। गरीब परिवार में जन्म व 10वीं पास होने के कारण अपनी जीविका के लिए आपने कोचिंग पढ़ाया तथा आगे चलकर क्लर्क की नौकरी भी की। उक्त बाते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्य प्रकाश सिंह, अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर KIPM ने कही।

गणित विषय मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक हर कदम पर प्रयोग मे आने वाला अनिवार्य विषय है, गणित की वास्तविक उत्तपति भारतीय गणितज्ञयो द्वारा हुआ लेकिन इसका सारा श्रेय उस समय के शक्तिशाली देशो ने ले लिया। शून्य से लेकर पाइ तक का खोज भारतीय गणितज्ञयो द्वारा किया गया है। उक्त बाते कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओ. पी. सिंह ने कहा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरज कुमार शुक्ल ने बताया कि रामानुजन के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर आयोजित मैथमेटिकल चैलेंज मे 118 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रथम पुरस्कार एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सिंह, द्वितीय पुरस्कार बी.सी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र आकर्षित पाण्डेय, तृतीय पुरस्कार बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के छात्र दीपक प्रजापति, चतुर्थ पुरस्कार बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के छात्र अमन प्रजापति एवं पंचम पुरस्कार एम.एससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र पियूष मद्धेशिया को प्राप्त हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शील्ड, मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम मे धन्यवाद ज्ञापन डॉ नितीश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. अजेय तिवारी, डॉ. हरी शंकर गुप्ता, डॉ. आनंद मिश्रा, श्री रामपाल मौर्या सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहें।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह,
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क